# NCRES

## NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.&I.T.F.
Central Office : 464-AB, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)
Website : www.ncresindia.org | E-mail : rpsinghncr@gmail.com

**R. P. Singh**
*Gen. Secretary*
*&*
*Treasurer-NFIR*

Resi. 273-A, Nyay Vihar Colony
Sulem Sarai, Prayagraj - 211011
P&T (O) 0532-2560480, (R) 2972645

No : 173/NCRES/76/24 Date : 22.8.2024

श्रीमान महाप्रबंधक (कार्मिक)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– Elimination of Line Box
संदर्भ :– प्रधान कार्यालय का पत्र दिनांक 21.12.2021 – Minutes of Meeting with recognized Unions for Elimination of Line Box.

महोदय,

अवगत कराना है कि लाइन बाक्स के स्थान पर ट्राली बैग उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर में बहुत आक्रोश है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्ष 2021 में लोको पायलट व ट्रेन मैनेजरो को लाइन बाक्स के स्थान पर ट्राली बैग दिये जाने के मुद्दे पर NCRES ने विरोध व्यक्त किया था तब प्रशासन की तरफ से दिनांक 10.12.2021 को एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें PCEE, PCOM, PCPO एवं अन्य अधिकारी की दोनो मान्यता प्राप्त यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा हुई और प्रशासन व यूनियन की सहमति से तय हुआ कि –

उत्तर मध्य रेलवे की Originating मेल/एक्सप्रेस ट्रेन में Trial basis पर SLR में एक Box फिक्स करते हुये इस बॉक्स मे जरूरत के जो भी Tools है, वो Sealed एवं Lock Condition में रहेंगे। जिसमें One Time Lock होगा तथा गार्ड द्वारा सामान उपयोग करने हेतु यदि Lock तोड़ा जाता है तो गार्ड उसका रिकार्ड Maintain करते हुये एक Memo देगा तथा अगले Point पर उसको पुनः Lock कर दिया जाएगा। इसी के साथ प्रशासन द्वारा यूनियन से इस सम्बन्ध में सुझाव भी मांगा गया ताकि अगली बैठक में चर्चा हो सके।

दिनांक 10.12.2021 की बैठक में हुई चर्चा के अनुसार NCRES ने दिनांक 13.12.2021 को और NCRMU ने अपना सुझाव भेज दिया जिस पर प्रशासन ने विचार किया और दिनांक 10.12.2021 की बैठक का मिनट्स दिनांक 21.12.2021 को जारी कर दिया। (संलग्न)

लेकिन खेद के साथ अवगत कराना है कि दिनांक 10.12.2021 की बैठक में हुये निर्णय के अनुसार ट्रायल बेसिस पर कामन लाइन बाक्स में टूल्स वगैरह रखकर SLR में फिक्स नही किया गया।

NCRES को ज्ञात हुआ है कि पुनः लाइन बाक्स के स्थान पर ट्राली बैग लेने के लिये ट्रेन मैनेजर पर दबाव डाला जा रहा है, इस कारण ट्रेन मैनेजर में बहुत असंतोष है, इसलिये अनुरोध है कि दिनांक 10.12.2021 की बैठक में हुये निर्णय का पहले ट्रायल बेसिस पर कियान्वयन कराया जाय, तत्पश्चात मान्यता प्राप्त यूनियन के साथ बैठक बुलाकर चर्चा किया जाय।

संलग्न : दिनांक 10.12.2021 की बैठक का जारी मिनट्स दिनांक 21.12.2021

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

आज़ादी का
अमृत महोत्सव

## उत्तर मध्य रेलवे

प्रधान कार्यालय
प्रयागराज

पत्रांकः 961–ई / Recognized Unions/Meeting/ई–यूनियन दिनाँकः21.12.2021

PCOM, PCEE & PCSO
उत्तर मध्य रेलवे,
प्रयागराज.

विषयः Minutes of meeting with recognized unions for elimination of line box.
संदर्भः 1. Dy.GM & Secy. to GM/NCR/PRYJ का पत्र सं 2021 / म.प्र. / उ.म.रे. / कार्यवृत्त / 01 दिनाँक 08.11.2021.
2. महामंत्री, एनसीआरईएस का पत्र सं. 221/NCRES/106/21 दिनाँक 23.11.2021
3. महामंत्री, एनसीआरएमयू का पत्र सं. NCRMU/……. दिनाँक 23.11.2021

उपरोक्त संदर्भ में अवगत कराना है कि दिनांक 10.12.2021 को लाइन बॉक्स एलिमनेशन के संबंध में मान्यता प्राप्त यूनियनों (NCRES & NCRMU) के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमें PCEE, PCOM, PCPO, PCSO, CPO/IR, CPTM, CELE तथा दोनों मान्यता प्राप्त यूनियनों के निम्नलिखित पदाधिकारी शामिल हुएः–

| क.सं. | NCRES के पदाधिकारी | NCRMU के पदाधिकारी |
|---|---|---|
| 1 | श्री आर0पी सिंह, महामंत्री | श्री. आर डी यादव, महामंत्री |
| 2 | श्री मान सिंह, मण्डल अध्यक्ष / प्रयागराज एवं टेक्नी. II, अधीन व0म0वि0अभि0 (आरएस) कानपुर | श्री डी0एस0 यादव, मंडल मंत्री प्रयागराज एवं लोको पायलट अधीन सीसीसी / डीजल / प्रयागराज |
| 3 | श्री चन्दन कुमार सिंह, मण्डल सचिव, प्रयागराज एवं सीएलआई / छिवकी अधीन सीनि. डीएमई / प्रयागराज | श्री आर0आर0 सिंह, शाखा सचिव, इलाहाबाद जं0 शाखा एवं गार्ड (मेल) अधीन मुख्य नियंत्रक (10 आवर्स), प्रयागराज |
| 4 | श्री राम कुमार सिंह, मण्डल अध्यक्ष, झांसी एवं तकनी– I, अधीन सीडब्ल्यूएम, सिथौली, ग्वालियर. | श्री अमर सिंह, शाखा सचिव, झांसी लोको रनिंग एवं मुख्य लोको निरीक्षक, अधीन सीनि0डीईई / परि0 / झांसी |
| 5 | श्री भानु प्रताप सिंह चंदेल, मण्डल सचिव, झांसी एवं सीएलआई अधीन व0म0वि0 इंजी0 / झांसी | श्री आर0ए0 खान, शाखा कोषाध्यक्ष / झांसी लोको रनिंग एवं गार्ड (मेल) अधीन सीएमवीआई / झांसी |
| 6 | श्री पी0के0 सोनी, मण्डल अध्यक्ष, आगरा एवं लोको पायलट पैसे0 अधीन एसएसई / डीजल / धौलपुर | श्री नीरज परिहार, संयुक्त मंडल मंत्री / आगरा एवं लोको पायलट(मेल) अधीन मुख्य कू नियंत्रक / आगरा कैण्ट |
| 7 | श्री अक्षय कान्त शर्मा, मण्डल सचिव आगरा एवं टीआई / आगरा अधीन व0म0 परि0 प्रबं0 / आगरा | श्री जितेन्द्र कुमार मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष / मथुरा शाखा एवं गार्ड (मेल) अधीन स्टेशन प्रबन्धक / मथुरा |

CPTM महोदय द्वारा Power Point Presentation के माध्यम से लाइन बॉक्स इलिमनेशन के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसमें ड्राइवर एवं गॉर्ड के लाइन बॉक्स से संबंधित समस्त बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया।

जिसके उपरांत महामंत्री एनसीआरईएस एवं एनसीआरएमयू के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यतः निम्न बिंदु उठाये गये :–

1. गॉर्ड एक बैग घर से ड्यूटी पर ले जाता है, जिसमें जरूरी सामान, कपड़ा आदि रखता है, उसके साथ गॉर्ड को दो बैग के अतिरिक्त अलग से राशन किट बैग रखना पड़ता है।

2. गॉर्ड बाक्स में टेल लैंप, टेल बोर्ड, हैंड सिगनल लैंप, प्रेशन गेज, रफ जनरल, रूल्स बुक, लाल–हरी झंडियाँ एवं पानी आदि रखना होता है।

3. ट्रैक पर अनहोनी हो जाने की स्थिति में गॉर्ड लाइन बॉक्स बंद करके साइट पर जा सकता है, परन्तु ट्रॉली बैग को छोड़कर नहीं जा सकता, क्योंकि ट्राली बैग के चोरी होने का खतरा है।

4. मालगाड़ी एवं मेल ट्रेनों में गार्ड सीट न होने पर लाइन बॉक्स का इस्तेमाल करता है।

5. यार्ड में चलने के लिए कोई पॉथ–वे नहीं होता है, जिसके कारण ट्राली बैग खींचकर नहीं ले जाया जा सकता और उठाकर ले जाने में अत्यंत कष्टदायी होगा।

6. बरसात के समय में लाइन बॉक्स में सारा सामान सुरक्षित रहता है, जो ट्रॉली बैग में संभव नहीं होगा।

7. यूनियन ने कहा कि हम भी नई तकनीकी एवं सुधारों के पक्षधर हैं तथा लाइन बॉक्स हटाकर कॉमन बॉक्स पर हम भी सहमत हैं, किन्तु कॉमन बॉक्स को कौन Carry करेगा? लाइन बॉक्स Replacement करके गॉर्ड एवं ड्राइवरों के कंधों पर वजन न डाला जाय।

8. यूनियन का सुझाव है कि लाइन बाक्स को अल्टरनेट व्यवस्था होने तक बनाए रखा जाए।

यूनियन द्वारा उपरोक्त में उठाये गये बिंदुओं पर प्रशासन की ओर से PCEE, PCOM, PCPO एवं अन्य अधिकारियों ने लाइन बाक्स एलिमनेशन के संबंध में आवश्यक सामान रखने एवं अनुपयोगी सामान को हटाने पर विचार व्यक्त किया तथा कुछ बिन्दुओं पर यूनियन पदाधिकारी इससे सहमत भी रहे।

प्रशासन ने उत्तर मध्य रेलवे की Originating मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में Trial basis पर SLR में एक Box फिक्स करते हुये इस बॉक्स में जरूरत के जो भी Tools हैं, वो sealed एवं Lock condition में रहेंगे। जिसमें One Time Lock होगा तथा गार्ड द्वारा सामान उपयोग करने हेतु यदि Lock तोड़ा जाता है तो गार्ड उसका रिकार्ड Maintain करते हुए एक Memo देगा तथा अगले Point पर उसको पुनः Lock किया जाएगा।

उक्त बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई एवं मान्यता प्राप्त यूनियनों से बैठक में चर्चा के अनुरूप उठाये गये बिन्दुओं पर लिखित में सुझाव भी मांगे गये। महामंत्री, एनसीआरईएस एवं एनसीआरएमयू ने लाइन बॉक्स इलिमनेशन के संबंध में अपने लिखित सुझाव प्राप्त हो गये हैं, जिसे सम्बन्धित विभाग को प्रेषित कर दिया गया है। सुझाव के परीक्षण उपरान्त अगली बैठक करने की सहमति बनी है।

सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नकः यथोक्त।

21/12/21

(एम0के0 कुलश्रेष्ठ)
उप मु0का0 अधिकारी/नि. एवं आई.आर.
कृते महाप्रबन्धक/कार्मिक

प्रतिलिपिः 1. Dy.GM & Secy. to GM/NCR/PRYJ को उनके संदर्भित पत्र के संदर्भ में सादर सूचनार्थ।
2. निजी सचिव–I/PCPO – कृपया PCPO महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. महामंत्री, एनसीआरईएस एवं एनसीआरएमयू को सादर सूचनार्थ प्रेषित।